## सार-समाचार

### मारपीट कर युवक की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**कोटा**, (निसं)। इटावा थाना इलाके में एक युवक की मारपीट कर हत्या करने का मामला सामने आया है, युवक की शादी एक सप्ताह बाद ही होनी थी। ऐसे में मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार दौलतपुरा निवासी धमेन्द्र सेन ससुराल में अंगूठी का नाप देकर साले के साथ लौट रहा था, रास्ते में कुछ बदमाशों ने युवक पर लाठी, डंडो से हमला कर दिया और घटना के समय साला भी साथ ही था, जो घटना के बाद मौके से भाग गया। हमले में घायल युवक की कोटा के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में मृतक के पिता की शिकायत पर युवक की मंगेतर और उसके भाई व अन्य के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया। इटावा पुलिस उप अधीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि बुधवार रात को हुए घटनाक्रम में धर्मेंद्र सेन गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे पहले इटावा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे कोटा के मेडिकल कॉलेज नए अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। मामले में मृतक के पिता प्रभु लाल की शिकायत पर मृतक धर्मेंद्र सेन की मंगेतर, होने वाले साले हेमन्त और अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की जांच की जा रही है। प्रभुलाल ने षड़यंत्र कर बेटे को बुलाकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

### 1 से 15 मई तक चलेगी स्व-गणना की प्रक्रिया

**कोटा**, (निसं) । प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कोटावासियों से अपील की कि जनगणना 2027 के तहत आमजन के लिए स्व-गणना की सुविधा 1 मई से 15 मई, 2026 तक वेब पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। यह पोर्टल 1 मई से खुलेगा और 15 मई तक खुला रहेगा। परिवार का कोई भी एक सदस्य 15 से 20 मिनट में स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए परिवार संबंधी विवरण दर्ज कर सकता है तथा स्व-गणना पहचान संख्या अपने मोबाईल, ई-मेल पर प्राप्त कर सकता है। समारिया ने कहा कि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 16 मई से 14 जून 2026 तक किया जाएगा। इस अवधि में प्रगणक द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान, स्व-गणना के विवरण की पुष्टि एवं अंतिम प्रस्तुतिकरण के लिए, परिवार के सदस्य द्वारा एसई आईडी प्रगणक के साथ साझा करना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि सभी कोटावासी जनगणना की इस सम्पूर्ण प्रक्रिया में सहयोग करें। प्रगणक के साथ अपनी और परिवार के सदस्यों से जुड़ी जानकारी साझा करें। जनगणना प्रक्रिया के दौरान आमजन द्वारा दी गई सभी सूचनाएं एवं जानकारियां गोपनीय रखी जाएंगी।

### पंजाब नैशनल बैंक की तलवंडी शाखा परिसर का नवीनीकरण

**कोटा**, (निसं)। पंजाब नेशनल बैंक के तलवंडी स्थित शाखा परिसर के नवीनीकरण के उपलक्ष्य में एक उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के अंचल प्रमुख सुरिंदर पाल सिंह ने विधिवत फीता काटकर नवीनीकृत शाखा परिसर का उद्घाटन किया। समारोह में अंचल प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राहकों को आधुनिक, सुविधाजनक एवं बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना बैंक की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नवीनीकृत शाखा परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं का समावेश किया गया है, जिससे ग्राहकों को सहज एवं त्वरित सेवाएं मिल सकेंगी। मंडल प्रमुख आशुतोष दुबे ने अपने संबोधन में बताया कि पंजाब नैशनल बैंक निरंतर अपने नेटवर्क और सेवाओं का विस्तार कर रहा है तथा डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्राहक संतुष्टि को सर्वोपरि रखता है। नवीनीकृत शाखा परिसर के शुभारंभ से ग्राहकों को और अधिक सुदृढ़ एवं सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं प्राप्त होंगी, जिससे स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक, बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारी एवं गणमान्य ग्राहक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उप मंडल प्रमुख इन्द्रजीत कुमार द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### सरकारी दफ्तरों में लगी आग पर काबू पाया

**छबड़ा** (निसं)। जलदाय विभाग कार्यालय, महिला बाल विकास कार्यालय के पास व राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक परिसर में गुरुवार को अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, घटना की सूचना पर पहुंची नगर पालिका की दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क़स्बे के हॉस्पिटल रोड पर स्थित जलदाय विभाग कार्यालय में गुरुवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते आग लग गयी जिसकी सूचना पर पहुंची छबड़ा नगर पालिका की अग्निशमन टीम ने आग पर काबू पाया तथा पास बने कच्चे मकानों को आग की चपेट मे आने से बचा लिया। इसके बाद महिला बाल विकास विभाग के पास मुख्य रोड पर गाड़ियां लोहारो के कच्चे मकान के पीछे अज्ञात कारणों से पेड़ों के सूखे पत्तों में आग लग गयी जिसकी सूचना प्राप्त होने पर नगर पालिका अग्निशमन दल द्वारा समय पर पहुंचकर आग पर पाया काबू एवं गाड़ियां लोहारो के कच्चे मकानों को आग की चपेट में आने से बचाया। वही राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में सूखे पेड़ों में आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर नगर पालिका की दमकल टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। टीम में गजेंद्र शर्मा, रवि यादव व जितेंद्र नामा शामिल रहे।

### कोटा-पटना एक्सप्रेस का परिवर्तित मार्ग से परिचालन

**कोटा**, (निसं)। लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट-अकबरपुर-जफराबाद खंड में बनारस-जौनपुर स्टेशन यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के कारण गाड़ी सं. 13238 कोटा-पटना एक्सप्रेस को निर्धारित तिथियों पर परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि कोटा जंक्शन से पटना जंक्शन के बीच चलने वाली गाड़ी सं. 13238 कोटा-पटना एक्सप्रेस दिनांक 14.05.2026, 15.05.2026, 17.05.2026, 21.05.2026, 22.05.2026 एवं 24.05.2026 को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया लखनऊ-सुल्तानपुर-जफराबाद होकर चलाई जाएगी। सौरभ जैन ने आगे बताया कि परिवर्तित मार्ग पर संचालन के दौरान इस गाड़ी को अयोध्या धाम जंक्शन, अयोध्या कैंट जंक्शन, अकबरपुर जंक्शन, शाहगंज जंक्शन एवं जौनपुर जंक्शन पर ठहराव नहीं मिलेगा। इसके बदले इन तिथियों पर गाड़ी सुल्तानपुर जंक्शन पर अतिरिक्त ठहराव के साथ चलाई जाएगी।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने की बॉब सीनियर सिटीज़न विशेष सम्मान बचत खाते की शुरुआत

**कोटा**, (निसं)। बैंक ऑफ बड़ौदा ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'बॉब सीनियर सिटीज़न विशेष सम्मान' बचत खाते की शुरुआत की है। यह प्रीमियम खाता 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के ग्राहकों के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें स्वास्थ्य, बैंकिंग और लाईफस्टाईल से जुड़े कई विशेष लाभ दिए गए हैं। इस खाते के तहत ग्राहकों को निःशुल्क ऑनलाइन डॉक्टर परामर्श (परिवार के 6 सदस्यों तक), दवाओं व पैथोलॉजी टेस्ट पर छूट, और हर महीने 2 निःशुल्क डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं मिलेंगी। इसके अलावा, रिवर्स मॉर्गेज प्रोसेसिंग शुल्क में 50 प्रतिशत छूट, लॉकर किराए में रियायत, और 'बॉब भूमि रुपे सेलेक्ट डेबिट कार्ड' जैसे प्रीमियम लाभ भी शामिल हैं, जिनमें एयरपोर्ट लाउंज, हेल्थ चेकअप, जिम, स्पा और ओटीटी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह खाता 1 लाख मासिक औसत शेष रखने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

### मक्का मदीना के लिए रवाना

**छबड़ा** (निसं)। छबड़ा से इस वर्ष हज ए बैतुल्लाह के मुकद्दस सफर पर मक्का मदीना जा रहे हाजी गुरुवार सुबह छबडा से जयपुर के लिए रवाना हुए, जहां से आज सुबह फ्लाइट से सऊदी के लिए रवाना होंगे। पूर्व पार्षद एडवोकेट हस्सान खान ने बताया कि क़स्बे के मोहम्मद रफ़ीक मंसूरी तथा जैपला के मोहम्मद सईद और उनकी पत्नी नज़मा इस वर्ष हज के मुकद्दर सफर पर जा रहे हैं। जो गुरुवार सुबह छबडा से जयपुर के लिए रवाना हुए, इससे पूर्व लोगो ने उनका मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर इस्तक़बाल किया। यह हाजी आज सुबह जयपुर से फ्लाइट में सवार होकर सऊदी पहुंचेंगे जहां लगभग 40 दिन हज की यात्रा मुक़म्मल कर 8 जुन को भारत पहुंचेंगे। बुधवार रात्रि को भी हाजियों का इस्तक़बाल किया गया। इस दौरान इस पूर्व पार्षद औसाफ़ अहमद, राशिद कैपिटल, मोहम्मद इक़रार, मुजाहिद वहाब व मोहम्मद सईद आदि लोग मौजूद रहे।

# शहर में चाकूबाजी की घटना में लिप्त हिस्ट्रीशीटर सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

- सब्जी मण्डी में दिनदहाड़े हुई थी चाकूबाजी की वारदात, आरोपियों पर पूर्व में हत्या सहित मुकदमे दर्ज हैं

**बून्दी** (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस द्वारा मंगलवार को बहादुर सिंह सर्किल सब्जी मण्डी में हुई चाकूबाजी की वारदात में संलिप्त हिस्ट्रीशीटर सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि शहर बूंदी में बहादुर सिंह सर्किल सब्जी मण्डी में हुई चाकूबाजी की घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुए चाकूबाजी की घटना में संलिप्त हिस्ट्रीशीटर सहित 3 मुख्य आरोपी कोतवाली बून्दी के नायको की गली कागदी देवरा निवासी जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र गजानंद उम्र 29 साल थाना रायथल के पुराने पोस्ट ऑफिस की गली खटकड निवासी दीपक वर्मा पुत्र भवानी शंकर उम्र 27 साल तथा कोतवाली बून्दी के मावती टोला कागदी देवरा निवासी इमरान उर्फ शानू पुत्र इकबाल हुसैन (39) को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपीगण को न्यायालय में पेश किया जाकर पीसी रिमांड प्राप्त किया गया है। घटना में संलिप्त अन्य शेष आरोपी की जल्द ही गिरफ्तारी की जावेगी।

**तीनों आरोपियों पर पूर्व में दर्ज हैं हत्या सहित मुकदमे:-** पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक अनुसंधान में सामने आया है कि गोलू व राकेश निवासीगण माटून्दा की आपसी रंजिश चल रही थी। गोलू निवासी माटून्दा हिस्ट्रीशीटर जीतू उर्फ जितेंद्र का चचेरा भाई है इसी कारण रंजिश के चलते यह घटना कारित हुई। तीनों आरोपीगण के पूर्व में हत्या सहित मुकदमें दर्ज है। आरोपी जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र गजानन्द थाना कोतवाली बून्दी का सक्रिय हिस्ट्रीशीटर है जिसके पूर्व में हत्या, डकैती, लूट, जानलेवा हमले, मारपीट व अवैध हथियार सहित कुल 16 मुकदमें दर्ज है। आरोपी दीपक वर्मा पर 3 मुकदमें पूर्व के दर्ज है जिनमे से 2 हत्या के प्रकरण दर्ज है। आरोपी दीपक वर्मा के एक प्रकरण लंका गेट बूंदी चौराहे पर शिक्षक मनीष मीणा की हत्या का है। आरोपी इमरान उर्फ शानू के खिलाफ हत्या, लूट, मारपीट, जानलेवा हमला, अवैध हथियार सहित पूर्व में 11 प्रकरण दर्ज है।

**यह था मामला:-** कोतवाली थानाधिकारी रमेशचंद आर्य ने बताया कि मंगलवार 21 अप्रैल को शहर बून्दी में बहादुर सिंह सर्किल सब्जी मण्डी में चाकूबाजी की घटना होने की प्राप्त सूचना पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना में गंभीर घायल हुये व्यक्ति को चिकित्सालय बून्दी पहुंचाया गया। घायल व्यक्ति राकेश पुत्र बजंगर लाल निवासी माटून्दा के पुत्र पवन ने रिपोर्ट देते हुए बताया था कि मेरे पिता राकेश मंगलवार को 3.30 बजे बून्दी सब्जी खरीदने आये थे। बहादुर सिंह सर्किल सब्जी मण्डी पर सब्जी खरीदते समय कागजी देवरा निवासी जीतू व अन्य 3 लड़के आएं और कहासुनी करते हुए जीतू ने मेरी जेब से मेरा मोबाईल निकाल लिया। जीतू और उनके साथियों ने जान से मारने की नियत से मेरे पिताजी के चाकू मारते हुए जानलेवा हमला किया।

इन्होंने बताया कि घटना के बाद घटनास्थल का एफ.एस.एल. टीम से निरीक्षण करवाया जाकर साक्ष्य एकत्रित किये। शहर बून्दी में लगे सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन कर तकनीकी साक्ष्यों व गोपनीय जानकारी के आधार पर चाकूबाजी की घटना में संलिप्त हिस्ट्रीशीटर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। इस कार्यवाही में पुलिस टीम में कोतवाली थनाधिकारी रमेशचंद आर्य सहित एएसआई सुनील त्यागी, आत्माराम, हैड कांस्टेबल राजकमल, कांस्टेबल तेजराज सिंह, रामराज, नेतराम और कैलाश शामिल रहे।

## छह थानाधिकारियों के इधर से उधर हुए तबादले

**कोटा**, (निसं)। शहर की कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये गुरूवार को छह थानाधिकारियों के तबादले की सूची जारी की गई। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने छह थानाधिकारियों की पोस्टिंग में बदलाव किया है।

जारी हुई सूची के अनुसार पुलिस लाईन सें अजीत बागडोलिया को नान्ता थानाधिकारी नियुक्त किया, वही मांगेलाल यादव को जिला विशेष शाखा से उद्योग नगर थानाधिकारी लगाया गया, पुलिस लाईन से दिग्विजय सिंह को महावीर नगर थानाधिकारी नियुक्त किया, यातायात शाखा से देवेश भारद्वाज को कुन्हाड़ी थानाधिकारी नियुक्त किया।

उधर पुलिस लाइन से चेतन शर्मा को जिला विशेष शाखा में एवं देवकी नंदन को पुलिस लाईन से रानपुर थानाधिकारी नियुक्त किया।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम नरगीस बानो से बदलकर नया नाम नरगिस परवीन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-नरगिस परवीन पत्नी फेज़ अली गाँव खिरनी सवाई माधोपुर

**नाम परिवर्तन**

यह कि 1. जगमोहन सिंह (अव्यस्क के पिता) 2. विजया सिंह (अव्यस्क की माता ) हमने अपनी पुत्री का पुराना नाम चित्रागंना सिंह से बदलकर नया नाम चित्रागंना सिंह मेहरा रख दिया है। भविष्य में हमारी पुत्री को इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-चित्रागंना सिंह मेहरा पुत्री जगमोहन सिंह C-201 बघेरवाल फोर सीजन सिटी माल के सामने राजीव गाँधी नगर कोटा

### शाहबाद जंगल बचाने का संकल्प लिया

**कोटा**, (निसं)। वन विभाग सेवा निवृत्त अधिकारी और कर्मचारी सोसायटी ने पृथ्वी दिवस पर शाहबाद के जंगल को हर कीमत पर बचाने का संकल्प लिया। सोसायटी के अध्यक्ष पूर्व उपवन संरक्षक जयराम पांडेय ने बताया कि कोटा क्षेत्र के वन विभाग में सेवा कर चुके अधिकारी जंगल को बचाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञा है। आरकेपुरम् के एक होटल में आयोजित सभा में विशेष आमंत्रित मुख्य अतिथि शाहबाद घाटी बचाओ संघर्ष समिति के संरक्षक एडवोकेट प्रशांत पाटनी एवं संरक्षक चम्बल संसद के संयोजक बृजेश विजयवर्गीय, भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत निधि इंटेक बारां के समन्वयक जितेंद्र शर्मा ने पृथ्वी ग्रह पर जंगल, नदियों, पहाड़ों, हवा पानी को प्राकृतिक विरासत बताया और विकास योजना के लिए इनको बर्बाद नहीं किए जाने की अपील की। अतिथि सेवा निवृत्त उपवन संरक्षक जोधराज सिंह हाड़ा ने कहा कि हम भरें ही सेवानिवृत्त हुए हैं हमने वन विभाग का नमक खाया तो जंगल को नष्ट-भ्रष्ट नहीं होने देंगे।

## मातृशक्ति बैठक में 5100 कलश का लक्ष्य, घर-घर निमंत्रण का संकल्प

- मातृशक्ति बैठक में 5100 कलश का लक्ष्य, घर-घर निमंत्रण का संकल्प
- श्री मंगलमय चमत्कारी धाम पर 10 दिवसीय आयोजन

**कोटा**, (निसं)। श्री मंगलमय चमत्कारी धाम विज्ञान नगर में आगामी 6 मई से 15 मई तक आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों की तैयारियों को लेकर मातृशक्ति की एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान आयोजन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि धाम परिसर एवं कॉमर्स कॉलेज में आयोजित होने वाले इन दिव्य कार्यक्रमों में विनायक स्थापना, भव्य कलश यात्रा, भगवान नर्मदेश्वर स्थापना, शिव-पार्वती विवाह महोत्सव, शिव बारात, पंचकुंडी महायज्ञ तथा कृष्ण चंद्र ठाकुर के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मातृशक्ति की भूमिका को विशेष महत्व देते हुए बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महिलाएं घर-घर जाकर कलश यात्रा के कूपन वितरित करेंगी तथा कथा आयोजन के लिए निमंत्रण पत्र एवं पीले चावल देकर श्रद्धालुओं को आमंत्रित करेंगी। इसके साथ ही समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच बनाकर अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर 5100 कलश यात्रा का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसे पूर्ण करने के लिए विभिन्न वार्डों एवं क्षेत्रों में जिम्मेदारियां सौंपी गई। महिलाओं से आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय होकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़े और आयोजन की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं।

महंत पंडित अशोक तिवारी ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी धार्मिक आयोजन की सफलता में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे पूरे उत्साह के साथ प्रचार-प्रसार में जुटें और कोटा में होने वाले इस ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया और कहा कि वे पूरे समर्पण एवं उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगी। वातावरण धार्मिक भावनाओं एवं उत्साह से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रेखा लखेरा, मंजू शर्मा, अंजू शर्मा, बृजराज शर्मा, मधु शर्मा, मान कंवर, गीता बाई, पूनम चतुर्वेदी, शशि चतुर्वेदी, मीनाक्षी राठौर, समेत अनेक मातृशक्ति उपस्थित रही।

**कार्यालय नगर निगम कोटा**

क्रमांक :- ननिको / गैरिज / 2025-26 / 45-53 दिनांक 15.04.2026

**ई-निविदा-सूचना**

ई-निविदा पद्धति से नगर निगम कोटा के गैरिज अनुभाग मे वेल्केनाईजर, लोहार, वेल्डर, वर्क शॉप एवं वाहनों पर हेल्पर की आपूर्ति कार्य के लिए योग्य संवेदकों से ई-निविदा पद्धति से नियमानुसार ऑनलाईन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता निविदा प्रपत्र व शर्ते नगर निगम की वेबसाईट राजस्थान के पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in प्राप्त कर सकेगें।
अनुमानित लागत 100.00 लाख
U.B.N. No. WORK-1) DLB2627SLRC01950
NIB CODE : DLB2627A0656
राज.संवाद / सी / 26 / 1401 उपायुक्त, नगर निगम कोटा

**MUNICIPAL CORPORATION KOTA (RAJ.)**
Add :- C.A.D. Circle, Dusshehra Ground, kota
No. :NNK/ELECT/2026/136-143 Date : 20-04-2026

**Notice -Inviting Bid**

Bid for **Shifting of HT/LT Line on proposed road from Kaithunipole to Sabarmati Colony Iron Bridge) in Municipal Corporation Kota."** are invited from interested bidders from 22.04.2026 to 12.05.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and www.kotamc.org. department website.
Estimated Amount : 232.79 Lac
NIB code DLB2627A0739 and UBN is: DLB2627GLOB02157
Raj.Samwad/C/26/1403 Executive Engineer Municipal Corporation, Kota

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ 11/ विक्रय/2026/92 दिनांक : 23.04.2026

**नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 194 विवेकान्द नगर आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 787 दिनांक 18.11.1998 को श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री राम सहाय शर्मा के नाम आवंटन किया गया था। श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री राम सहाय शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री मोहन लाल शर्मा पुत्र श्री बजरंग लाल शर्मा द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19.02.2026 को श्रीमती कमलेश शर्मा पत्नि श्री मोहन लाल शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती कमलेश शर्मा पत्नि श्री मोहन लाल शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 194 विवेकान्द नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती कमलेश शर्मा पत्नि श्री मोहन लाल शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

## भुवनेश गुप्ता ने भीषण गर्मी में एमबीएस पहुंचकर 71वीं एसडीपी डोनेशन की

**कोटा**, (निसं)। टीम जीवनदाता हमेशा ही लोगों की मदद को आगे रहती है, ये ही नहीं स्वयं पहले एसडीपी डोनेशन करते हैं और दूसरों को मोटिवेट करते हैं, मदद करते हैं और अनमोल जीवन को बचाने का पूरा प्रयास किया जाता है।

ऐसा ही वाकया देखने को मिला जब लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संयोजक व संरक्षक भुवनेश गुप्ता ने स्वयं एमबीएस पहुंचकर एक ग्रामीण की मदद की। यह कोई पहली बार नहीं अनगिनत कई बार ग्रामीणों को संबल प्रदान किया गया। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि हनुमान की प्लेटलेट 5 हजार से भी कम रह गई थी, उनका भतीजा भरत योगी परेशान हो रहा था, व उसे बताया गया कि ये लाइफ सेविंग केस है।

उन्होंने अपने स्तर पर प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली, ऐसे में सेवाभाव रखने वाले भुवनेश गुप्ता एमबीएस ब्लड बैंक पहुंचे और उन्होंने 71वीं बार एसडीपी डोनशन किया। वह इससे पूर्व 109 बार रक्तदान भी कर चुके हैं और हजारों लोगों को इस सेवा कार्य से जोड़ चुके हैं। मेडिकल कॉलेज में एसडीपी के लिए रजनीश खंडेलवाल तैयार थे, लेकिन किसी कारण से एमबीएस में एसडीपी की गई, इस दौरान टीम जीवनदाता के मनीष माहेश्वरी, नितिन मेहता, शुभम, सिद्धार्थ सहित कई लोग भी उपस्थित रहे।

भुवनेश गुप्ता ने कहा कि गर्मी के मौसम में लोग रक्तदान व एसडीपी डोनेशन करने में संकोच करते हैं, भ्रांतियां उनके मन में रहती है, लेकिन किसी की जान का महत्व समझें और गर्मी में एक या दो बार हर व्यक्ति को रक्तदान व एसडीपी डोनेशन करना चाहिए ताकी मदद का यह हाथ किसी के जीवन की डोर को थाम सकता है। सबसे अधिक एसडीपी व ब्लड की आवश्यकता गर्मी में रहती है, ऐसे में एक बार भी रक्तदान किया गया तो रक्त की कमी को दूर किया जा सकता है।

### आज पंचायती राज दिवस मनाया जाएगा

**छबड़ा** (निसं)। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कांग्रेस द्वारा 24 अप्रैल को जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालयों पर पंचायती राज दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह मीणा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें कांग्रेस के नए-पुराने पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम मतदाता भाग लेंगे। जिला प्रवक्ता शंकर लाल नागर एवं जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सेन ने बताया कि जिला अध्यक्ष मीणा की सहमति से जिलेभर के सभी कांग्रेस संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में बारां पहुंचने का आव्हान किया गया है।

**कार्यालय नगर निगम, कोटा राजस्थान**

क्रमांक-ननिको/भ.नि.अनु./जोन-4/2026/1367 दिनांक- 20.4.26

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनिता पत्नी स्व. श्री श्यामलाल निवासी 61 कम्पीटीशन कॉलोनी महावीर नगर तृतीय कोटा (राज.) ने नगर निगम, कोटा का आवासिय भुखण्ड संख्या- एम.एन.सी.पी 61 महावीर नगर तृतीय कोटा (राज.) का नगर निगम, कोटा में नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवासिय भुखण्ड संख्या- एम.एन.सी.पी 61 महावीर नगर तृतीय कोटा (राज.) क्षेत्रफल 441.32 वर्ग फुट का कार्यालय राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत कोटा के कार्यालय आदेश क्रमांक 2296 दिनांक 13.01.2000 से श्री श्याम लाल पुत्र स्व. श्री लाल चन्द के नाम कन्वेन्स डीड अलोटी एवं प्रपेचुअल लीज जारी किया है। श्री श्याम लाल पुत्र स्व. श्री लाल चन्द की मृत्यु दिनांक 04.05.2003 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरांत उनके शेष विधिक वारिसान श्रीमती लता पेशवानी पुत्री स्व. श्री श्याम लाल द्वारा पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 12.11.2025 से श्रीमती अनिता पत्नी स्व. श्री श्यामलाल के पक्ष में अपना हक त्याग दिया है। श्रीमती अनिता पत्नी स्व. श्री श्यामलाल के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।
आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा कार्यालय में प्रस्तुत करे। मियाद आपत्ति मान्य नही होगी। उपायुक्त नगर निगम, कोटा

## जयपुर में महिला की संदिग्ध मौत, शव को लेकर कोटा पहुंचा पति

**कोटा**, (निसं)। जयपुर इलाके में रहने वाली एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है, मामले में सामने आया कि पत्नी की मौत हो जाने के बाद पति कार से महिला के शव को लेकर कोटा पहुंचा।

जानकारी के अनुसार जयपुर के प्रताप नगर में रहने वाली मीरा लोधी की संदिग्ध मौत हो गई मृतका के पीहर पक्ष के लोगों ने महिला की हत्या की आशंका जताई है मामले में सामने आया कि 2013 में मीरा की शादी वीरेन्द्र के साथ हुई थी, मृतका के भाई का कहना है कि वीरेन्द्र ने पहले फोन पर तबियत बिगड़ने की बात कही बाद में मौत हो जाने की सूचना दी, मामला संदिग्ध लग रहा है।

इस पूरे प्रकरण में घटनाक्रम संदिग्ध होने पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की, साथ ही दोनों पक्षों की मौजूदगी में महिला के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि मृतका के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम को शिकायत दी थी, इसमें बताया गया कि जयपुर में उनकी बेटी मीरा लोधी की संदिग्ध रूप से मौत हो गई है, परिजनों ने दामाद वीरेंद्र लोधी पर आरोप लगाए हैं।

थानाधिकारी ने बताया कि जयपुर के प्रताप नगर इलाके में मीरा लोधी अपने पति वीरेंद्र के साथ रहती थी, मीरा की मौत होने के बाद वीरेन्द्र शव को कार में लेकर कोटा पहुंचा मृतका का ससुराल कोटा में ही था। थानाधिकारी ने बताया कि उच्च अधिकारियों ने मामले की जांच के निर्देश दिये, मामला जयपुर के सांगानेर इलाके के प्रतापनगर थाने का है। ऐसे में जीरो नंबर का मर्ग दर्ज कर लिया है, इस मामले में मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया, फिलहाल जयपुर पुलिस इस मामले में पहुंची है और मामले की जांच कर रही है।

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/212 **विज्ञप्ति** दिनांक : 23.4.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रामचन्द्रपुरा योजना ''देवाशीष सिटी'' खसरा नं. 100 में स्थित भूखण्ड संख्या 349 के ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में श्रीमती अनीता सोनी पत्नि श्री महावीर प्रसाद सोनी निवासी-चिंताहरण, गणेश जी की गली, पाटनपोल, कोटा राज. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। भूखण्ड संख्या 349 का पट्टा क्रमांक 1395 दिनांक 28.03.2013 को श्री चन्द्रकान्त ठाकर पुत्र श्री श्रीधर लाल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जर्ये अपंजीकृत मुख्तार आम श्री मनु अग्रवाल पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द अग्रवाल द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 26.07.2024 से श्रीमती अनीता सोनी पत्नि श्री महावीर प्रसाद सोनी को कर दिया गया हैं।
अतः श्रीमती अनीता सोनी पत्नि श्री महावीर प्रसाद सोनी के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/221 **विज्ञप्ति** दिनांक : 23.4.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रंगतालाब उर्फ कालातालाब खसरा नं. 334 में स्थित कृषि भूमि योजना रजा नगर भूखण्ड संख्या 42-बी (पूर्वी) आवेदक/आवेदिका जाहिदा बानो पुत्री स्व. कमरूद्दीन पत्नि मजिद खान निवासी 42-बी ब्लॉक-सी रजा नगर, रंगतलाब कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 7131 दिनांक 11.02.2010 को श्रीमती अल्हादीनी पत्नि श्री कमरूद्दीन के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 20.02.2020 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पुत्री जाहिदा बानो, शायरा बानो, सोनिया बानो है। वारिसान शायरा बानो, सोनिया बानो द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 27.03.2026 को आवेदिका के पक्ष में किया गया है।
अतः जाहिदा बानो पुत्री स्व. कमरूद्दीन पत्नि मजिद खान के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

# ठिकरिया चारणान में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद शुरू

- लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश के बाद एनसीसीएफ के गेहूं खरीद केंद्र का शुभारंभ

**बूंदी** (निसं)। गत दिनों लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद को लेकर अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के बाद गुरुवार को तालेड़ा उपखंड के ठिकरिया चारणान में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद केंद्र का शुभारंभ हो गया।

किसान मोर्चा जिला महामंत्री मुरली मनोहर नागर ने बताया कि गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) ने ठीकरिया चारणान में समर्थन मूल्य पर गेहूं की तुलाई शुरू कर दी है। नागर ने बताया कि मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संभागीय आयुक्त व राजफेड तथा एफसीआई के अधिकारियों की बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद को लेकर किसानों के समक्ष आ रही समस्याओं का तुरंत समाधान करने तथा जिले के ठीकरिया चारणान सहित 14 स्थानों (लालपुरा, ख़्यावदा, नयागांव, जमीतपुरा, अकतासा, लेसरदा, लबान, बाबई, जयस्थल, बोरदा माल) पर एनसीसीएफ के कांटे शुरू करने के निर्देश दिए थे। किसान मोर्चा जिला महामंत्री मुरली मनोहर नागर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सरकारी गेहूं खरीद केंद्र क्षेत्र के किसानों के लिए बहुत लाभदायक साबित होगा।

क्षेत्र के किसान अपने नजदीक ही इस खरीद केंद्र पर समर्थन मूल्य पर अपनी उपज की तुलाई करवा सकेंगे जिससे कुछ दिनों से किसानों के समक्ष आ रही परेशानियों से छुटकारा मिल सकेगा। नागर ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को हर 5 किलोमीटर की दूरी में सरकारी खरीद केंद्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं। जिससे अब किसानों को लंबे जाम व कई दिनों के इंतजार से मुक्ति मिलेगी।

खरीद केंद्र शुरू होने पर क्षेत्र के किसानों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर जिला महामंत्री किसान मौर्चा मुरली मनोहर नागर, मोहित बिरला, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्पित भाट, लीलाधर नागर, रवि मालव, पप्पू भाट, अशोक जी व स्थानीय ग्रामीण मोहन नागर, चौथमल, बलराम, कन्हैया लाल आदि उपस्थित रहे।

### नेत्रदान संपन्न

**कोटा**, (निसं)। शाइन इंडिया फाउंडेशन व ईबीएसआर-बीबीजे चैप्टर के संयुक्त प्रयासों से चलाये जा रहे संभाग स्तरीय नेत्रदान जागरुकता अभियान से अब शहर के साथ-साथ छोटे-छोटे गांव कस्बों में भी नेत्रदान के प्रति लोगों में जाग कता बढ़ती जा रही है। शोक के समय में ज्योति मित्रों के द्वारा प्रयास करते ही नेत्रदान के लिये परिजनों की सहमति मिल जाती है। इस क्रम में शीतला माता की गली नैनवां जिला बूंदी निवासी पारस जैन ओसवाल की धर्मपत्नी आशा देवी का आकस्मिक निधन सुबह 11 बजे हो गया था। संस्था के ज्योति मित्र महावीर जैन ने तुरंत ही पारस और भाई उम्मेदमल, पुखराज से आशा के नेत्रदान करवाने की बात की तो परिजनों ने तुरंत ही इसके लिए सहमति दे दी। सहमति मिलते ही महावीर की सूचना पर 110 किमीदूर कोटा से ईबीएसआर-बीबीजे चैप्टर के कोऑर्डिनेटर डॉ. कुलवंत गौड़ नेत्र संकलन वाहिनी ज्योति रथ चलाक नैनवां पहुँचे। भयंकर तेज धूप, अधिक दूरी और समय कम होने के बाद भी डॉ. गौड़ ने तय समय पर आशा के नेत्रदान की प्रक्रिया परिवार के सभी सदस्यों के बीच में संपन्न की।

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/173 **विज्ञप्ति** दिनांक : 21.4.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बोरखेडा खसरा नं. 121 में स्थित कृषि भूमि योजना लाजपत नगर-I भूखण्ड संख्या सी-86 आवेदक/आवेदिका श्री निसार अहमद पुत्र श्री मोहम्मद सुभान निवासी एम.ई.एस. कॉलोनी, नेहरू पार्क के पास, खेडली फाटक कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 2631 दिनांक 13.01.2014 को श्रीमती चन्द अख्तर पत्नि श्री पीर मोहम्मद के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये पंजीकृत मुख्तारआम दिनांक 24.09.2014 से सगीर मोहम्मद पुत्र श्री फखरूद्दीन को नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 24.09.2014 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।
अतः श्री निसार अहमद पुत्र श्री मोहम्मद सुभान के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ 11/ विक्रय/2026/90 दिनांक : 23.4.26

**नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा की बालाजी नगर आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 897 का आवंटन/विक्रय/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 07.04.2016 को श्रीमती शारदा महावर पत्नी श्री नन्द किशोर महावर को किया गया था। श्रीमती शारदा महावर पत्नी श्री नन्द किशोर महावर द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री घनश्याम नागर पुत्र स्व. श्री मथुरा लाल नागर द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 18.10.2017 को श्री राजेश कुमार सेन पुत्र श्री चौथमल सेन एवं श्रीमती सरोज सेन पत्नी श्री राजेश कुमार सेन को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के सात दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें। अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 897 योजना बालाजी नगर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री राजेश कुमार सेन पुत्र श्री चौथमल सेन एवं श्रीमती सरोज सेन पत्नी श्री राजेश कुमार सेन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा